संख्या 1973 /62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी.

प्रेषक,

सुशील कुमार,
प्रमुख सचिव,
लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- **मण्डलायुक्त,**
झाँसी/चित्रकूट धाम मण्डल।

2- **जिलाधिकारी,**
झाँसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बाँदा,
महोबा एवं चित्रकूट उ0प्र0।

3- **अधीक्षण अभियन्ता,**
लघु सिंचाई वृत्त,
झाँसी।

4- **अधिशासी अभियन्ता,**
लघु सिंचाई खण्ड,
झाँसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, बाँदा।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अनुभाग-2लखनऊ दिनाँक 11 मई 2010

विषयः- **<u>बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत जनपदवार लक्ष्यों का प्रेषण।</u>**

महोदय,

केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत बुन्देलखण्ड पैकेज में ''वाटरशेड मैनेजेमेन्ट'' शीर्षक के अन्तर्गत नये कूपों का निर्माण, डग वेल रिचार्ज एवं कूपों का जीर्णोद्धार/डीपिनिंग तथा ''वाटर रिसोर्सेस'' शीर्षक के अन्तर्गत वाटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में एच0डी0पी0ई0 पाइप इरीगेशन सिस्टम से सम्बन्धित कार्यो के कियान्वयन का उत्तरदायित्व लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 को सौंपा गया है। उक्त कार्यो हेतु कुल रू0 290.00 करोड़ की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता (ए0सी0ए0) मात्राकृत की गयी है। शेष आवश्यक 300.00 करोड़ रू0 की धनराशि मनरेगा से डबटेल करते हुए कुल 590.00 करोड़ रू0 की धनराशि उपरोक्त कार्यो पर व्यय की जायेगी।

2- उक्त सम्बन्ध में 8834 नये डग/ब्लास्ट वेल, 30864 कूपों के माध्यम से डग वेल रिचार्ज तथा 30120 डग/ब्लास्ट वेल को गहरा करने के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। इस हेतु रू0 250.00 करोड़ की धनराशि अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता से वहन की जायेगी तथा रू0 300.00 करोड़ की धनराशि मनरेगा से डबटेल होगी। एच.डी.पी.ई. पाइप इरीगेशन सिस्टम की 14450 इकाईयाँ, 14450 कृषकों के मध्य वितरित करने के लक्ष्य निर्धारित किये गये

है जिसके लिए आवश्यक रू0 40.00 करोड़ की धनराशि अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता से वहन की जायेगी।

3- केन्द्र सरकार द्वारा उक्त कार्यो के सापेक्ष डगवेल रिचार्ज एवं कूपों के जीर्णोद्वार/डीपनिंग हेतु रू0 26.66 करोड़ तथा एच0डी0पी0ई0 पाइप इरीगेशन सिस्टम हेतु रू0 40.00 करोड़ की धनराशि वर्ष 2009-10 के अन्त में राज्य सरकार को अवमुक्त की गयी है, जिसकी वित्तीय स्वीकृति राज्य स्तर से शीघ्र निर्गत की जा रही है।

4- शेष धनराशि की स्वीकृति वर्तमान वित्तीय वर्ष में भारत सरकार से अपेक्षित है। भारत सरकार की स्वीकृति के आदेश तथा धनराशि के अवमुक्त होने पर कालान्तर में राज्य स्तर से वित्तीय स्वीकृति निर्गत की जायेगी।

5- उक्तानुसार कुल लक्ष्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा अवमुक्त उक्त धनराशि के सापेक्ष कार्यक्रमवार/जनपदवार/वर्षवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य संलग्नक 1, 1(अ), 1(ब),1(स) एवं 1(द) पर अवलोकनीय है।

केन्द्र सरकार द्वारा नये डग/ब्लास्ट कूपों के निर्माण हेतु वर्ष 2009-10 में ए0सी0ए0 में कोई धनराशि अवमुक्त नहीं की गयी है। इस हेतु भविष्य में केन्द्र सरकार द्वारा ए0सी0ए0 की धनराशि अवमुक्त होने पर 8834 नये कूपो के निर्माण का कार्य वर्ष 2010-11 में कराया जायेगा जिसके जनपदवार लक्ष्य सलंग्नक-1(अ) पर अवलोकनीय है।

डग/ब्लास्ट वेल के जीर्णोद्वार/गहरीकरण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में रू0 23.21 करोड़ का ए0सी0ए0 स्वीकृत किया गया है तथा इसमें रू0 46.43 करोड़ की धनराशि मनरेगा से डबटेल कर कुल रू0 69.64 करोड़ की धनराशि से 8390 कूपों का जीर्णोद्वार/गहरीकरण वर्ष 2010-11 में कराये जाने के लक्ष्य निर्धारित किये गये है। अवशेष 21730 डग/ब्लास्ट वेल के जीर्णोद्वार/गहरीकरण हेतु केन्द्र सरकार से वर्ष 2010-11 में रू0 60.11 करोड़ ए0सी0ए0 की धनराशि अवमुक्त होने पर, रू0 120.25 करोड़ की धनराशि मनरेगा से डबटेल करते हुए कार्य कराया जायेगा। इन लक्ष्यों का जनपदवार विवरण सलंग्नक-1(ब) पर अवलोकनीय है।

डग वेल रिचार्ज के कार्य उन्हीं कूपों में कराये जायेगें जिन कूपों का जीर्णोद्वार/डीपिनिंग करा दी गयी है। इसके अन्तर्गत केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2009-10 में रू0 3.45 करोड़ की धनराशि अवमुक्त की गयी है जिसमें रू0 0.69 करोड़ की धनराशि मनरेगा से डबटेल करते हुए 2555 कूपों में डग वेल रिचार्ज के कार्य कराये जायेगें। अवशेष 28309 कूपों में डग वेल रिचार्ज के कार्य केन्द्र सरकार से वर्ष 2010-11 में रू0 38.22 करोड़ ए0सी0ए0 की

धनराशि अवमुक्त होने पर, रू0 7.64 करोड़ मनरेगा से डबटेल करते हुए कराये जायेगें। इन लक्ष्यों का जनपदवार विवरण सलंग्नक–1(स) पर अवलोकनीय है।

14450 एच0डी0पी0ई0 पाइप इरीगेशन सिस्टम हेतु केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2009–10 में रू0 40.00 करोड़ की धनराशि ए0सी0ए0 के रूप में स्वीकृति की गयी है जिसके सापेक्ष 14450 कृषकों को एच0डी0पी0ई0 पाइप सिस्टम वितरित करने का लक्ष्य है। इन लक्ष्यों का जनपदवार विवरण सलंग्नक–1(द) पर अवलोकनीय है।

6– उपरोक्त कार्यो के कियान्वयन हेतु विस्तृत दिशा निर्देश पृथक से निर्गत किये जा रहे है। कृपया दिशा निर्देश प्राप्त होते ही जनपदवार लाभार्थी/स्थल चयन की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित करा लें ताकि जनपद स्तर पर धनराशि प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ हो सके।

कृपया उपरोक्त कार्यो के कियान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करे। साथ ही इनकी सघन मासिक समीक्षा भी करने का कष्ट करें।

संलग्नकः– यथोक्त

भवदीय

(सुशील कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या – 1973 /62–2–2010 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– प्रमुख सचिव, नियोजन उ0प्र0 शासन को उनके अ0शा0 पत्र सं0–17(2)/35–आ–1/2008–19 दिनांक 05.05.2010 के कम में सूचनार्थ।

2– प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।

3– मुख्य अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ की उक्त कार्यो की सघन समीक्षा करें और प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराये। इसके अतिरिक्त उक्त कार्यो से सम्बन्धित माडल एस्टीमेट, डिजाइन ड्रांइग इत्यादि सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को उपलब्ध करा दें।

4– स्टाफ आफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।

5– स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।

(सुशील कुमार)
प्रमुख सचिव

शासनादेशसंख्या 11.05.10/62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी. दिनांक 11.05.10 का संलग्नक
संलग्नकः- 1

Minor Irrigation Department, U.P.

Bundelkhand Package
Summary of Proposal

(Rs. in Crores)

Sl.No.	Items	Physical Target	Financial		
			Total	NREGA	ACA
A.	**Under Watershed Management**				
1	Construction of New Dug wells @ Rs. 2.83 lakh	8834	250.00	125.00	125.00
2	Dug well Recharge @ Rs. 0.162 lakh	30864	50.00	8.33	41.67
3	Deepning/Renovation of wells @ Rs. 0.83 lakh	30120	250.00	166.67	83.33
	Total		**550.00**	**300.00**	**250.00**
B	**Water Resources**				
	Reconsturction of Water Distribution Network				
	Distribution of HDPE pipe system	14450	40.00		40.00
	Grand Total		**590.00**	**300.00**	**290.00**

* **Construction of New Dug Well -**

Labour Component - 30% (75.00 crore)
Material Component 70% (175.00 crore)

From NREGA - Labour Component 75.00 crores and Material Component Rs. 50.00 crores
From ACA -Rs. 125.00 crore for Material Component.

** **Dug Well Recharge -**

Labour Component - 10% (5.00 crore)
Material Component - 90% (45.00 crore)

From NREGA - Labour Component 5.00 crores and Material Component Rs. 3.33 crores
From ACA - Rs. 41.67 crore for Material Component.

*** **Renovation/Deepening of Dug well**

Labour Component - 40% (100.00 crore)
Material Component - 60% (150.00 crore)

From NREGA - Labour Component 100.00 crores and Material Component Rs. 66.67 crores
From ACA - Rs. 83.33 crore for Material Component.

शासनादेश सं0-1973 /62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी. दिनांक 11.05.10 का संलग्नक

संलग्नक-1 (अ)

लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश
बुन्देलखण्ड पैकेज

नये कूपों/ब्लास्ट कूपों के जनपदवार भौतिक/वित्तीय लक्ष्य

(करोड़ रू0 में)

क.सं.	जनपद का नाम	वर्ष 2010-11			
		भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता		
			कुल रू0 2.83 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से
1	झाँसी	2617	74.06	37.03	37.03
2	ललितपुर	2617	74.06	37.03	37.03
3	महोबा	1800	50.94	25.47	25.47
4	चित्रकूट	1800	50.94	25.47	25.47
	Total	**8834**	**250.00**	**125.00**	**125.00**

शासनादेश सं0-1973 /62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी. दिनांक 11.05.10का संलग्नक

संलग्नक-1 (स)

लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश
बुन्देलखण्ड पैकेज
डग वेल रिचार्ज के जनपदवार भौतिक/वित्तीय लक्ष्य

(करोड़ रू0 में)

क. सं.	जनपद का नाम	कुल लक्ष्य				वर्ष 2009-10 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष लक्ष्य				वर्ष 2010-11 के लक्ष्य			
		भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता			भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता			भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता		
			कुल रू0 0.162 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से		कुल रू0 0.162 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से		कुल रू0 0.162 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से
1	झाँसी	8565	13.88	2.31	11.56	710	1.15	0.19	0.96	7855	12.73	2.12	10.60
2	ललितपुर	8750	14.18	2.36	11.81	725	1.17	0.20	0.98	8025	13.00	2.17	10.83
3	जालौन	2215	3.59	0.60	2.99	180	0.29	0.05	0.24	2035	3.30	0.55	2.75
4	हमीरपुर	910	1.47	0.25	1.23	75	0.12	0.02	0.10	835	1.35	0.23	1.13
5	बाँदा	1360	2.20	0.37	1.84	110	0.18	0.03	0.15	1250	2.03	0.34	1.69
6	महोबा	6864	11.12	1.85	9.27	570	0.92	0.15	0.77	6294	10.20	1.70	8.50
7	चित्रकूट	2200	3.56	0.59	2.97	185	0.30	0.05	0.25	2015	3.26	0.54	2.72
	Total	**30864**	**50.00**	**8.33**	**41.66**	**2555**	**4.14**	**0.69**	**3.45**	**28309**	**45.86**	**7.64**	**38.22**

नोटः- वर्ष 2009-10 में ए0सी0ए0 के रूप मे प्राप्त धनराशि के साथ मनरेगा से धनराशि डबटेल करते हुए वर्ष 2010-11 में लक्ष्य पूर्ण कराये जायेगें।

शासनादेश सं0-1973 /62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी. दिनांक 11.05.10 का संलग्नक

संलग्नक-1(द)

लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश
बुन्देलखण्ड पैकेज
एच0डी0पी0ई0 पाइप इरीगेशन सिस्टम का वितरण

(करोड़ रू0 में)

क0सं0	जनपद का नाम	वर्ष 2009-10 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष लक्ष्य					
		भौतिक/वित्तीय लक्ष्य					
		अनुसूचित जाति/जनजाति तथा लघु एवं सीमान्त कृषक		अन्य श्रेणी के कृषक		कुल	
		भौतिक	वित्तीय रू0 0.30 लाख की दर से	भौतिक	वित्तीय रू0 0.225 लाख की दर से	भौतिक	वित्तीय (4+6)
1	झाँसी	2100	6.30	900	2.03	3000	8.33
2	ललितपुर	700	2.10	300	0.68	1000	2.78
3	जालौन	2100	6.30	900	2.03	3000	8.33
4	हमीरपुर	2100	6.30	900	2.03	3000	8.33
5	बाँदा	2000	6.00	1000	2.25	3000	8.25
6	महोबा	300	0.90	150	0.34	450	1.24
7	चित्रकूट	700	2.10	300	0.68	1000	2.78
	Total	**10000**	**30.00**	**4450**	**10.01**	**14450**	**40.01**

नोटः- वर्ष 2009-10 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष कार्य वर्ष 2010-11 में कराये जायेगें।

शासनादेश सं0-1973 /62-2-2010-2/2(47)/08टी.सी. दिनांक 11.05.10 का संलग्नक

संलग्नक-1 (ब)

लघु सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश

बुन्देलखण्ड पैकेज

डग वेल/ब्लास्ट वेल के जीर्णोद्धार/गहरीकरण के जनपदवार भौतिक/वित्तीय लक्ष्य

(करोड़ रू0 में)

क्र. सं.	जनपद का नाम	कुल लक्ष्य				वर्ष 2009-10 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष लक्ष्य				वर्ष 2010-11 के लक्ष्य			
		भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता			भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता			भौतिक लक्ष्य	वित्तीय आवश्यकता		
			कुल रू0 0.83 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से		कुल रू0 0.83 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से		कुल रू0 0.83 लाख प्रति कूप	मनरेगा से	ए0सी0ए0 से
1	झाँसी	8900	73.87	49.25	24.62	2480	20.58	13.72	6.86	6420	53.29	35.53	17.76
2	ललितपुर	8900	73.87	49.25	24.62	2480	20.58	13.72	6.86	6420	53.29	35.53	17.76
3	जालौन	1600	13.28	8.85	4.43	445	3.69	2.46	1.23	1155	9.59	6.39	3.20
4	हमीरपुर	622	5.16	3.44	1.72	175	1.45	0.97	0.48	447	3.71	2.47	1.24
5	बाँदा	900	7.47	4.98	2.49	250	2.08	1.38	0.69	650	5.40	3.60	1.80
6	महोबा	7040	58.43	38.96	19.48	1960	16.27	10.85	5.42	5080	42.16	28.11	14.05
7	चित्रकूट	2158	17.91	11.94	5.97	600	4.98	3.32	1.66	1558	12.93	8.62	4.31
	Total	**30120**	**250.00**	**166.67**	**83.32**	**8390**	**69.64**	**46.43**	**23.21**	**21730**	**180.36**	**120.25**	**60.11**

नोटः- वर्ष 2009-10 में ए0सी0ए0 के रूप मे प्राप्त धनराशि के साथ मनरेगा से धनराशि डबटेल करते हुए वर्ष 2010-11 में लक्ष्य पूर्ण कराये जायेगें।